प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शिमला में शुरू हो रहा है। सदन की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के साथ शुरू होगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता .....

डिस्पैच....

14वीं विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण आज शिमला में शुरू हो रहा है। सदन की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के साथ होगी। *इस दौरान कुल 13 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 8 सौ 37 प्रश्न सदन में उठेंगे। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी।* 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का चौथा बजट पेश करेंगे। वहीं 19 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 के अनुपूरक बजट को पारित करवाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा जिससे सत्र के और भी हंगामेदार होने के आसार हैं। *31 मार्च गैर सरकारी कार्य दिवस निर्धारित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने का सत्तापक्ष और विपक्ष से आग्रह किया है। बजट सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र को चार सैक्टर में बांटा गया है और 7 सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, ताकि सत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।* रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

भाजपा बैठक

इस बीच विधानसभा बजट को लेकर विपक्ष ने रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा विधायक दल की बैठक कल देर शाम शिमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने की। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान वर्तमान प्रदेश सरकार की नीतियों जनविरोधी फैसलों पर चर्चा और आगामी विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सत्र में कर्मचारियों, पैंशनरों, किसानों–बागवानों और बेरोज़गार युवाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।

चैत्र नवरात्रे

चैत्र नवरात्रों के लिए प्रदेश के मंदिर सजने शुरू हो गए हैं। इस वर्ष नौ दिन का यह पावन पर्व कल 19 मार्च से शुरू होगा। इस दौरान मां की अराधना के नौ दिन में देवी के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। चैत्र नवरात्र का समापन 27 मार्च को होगा। प्रशासन ने प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

ईको ट्रेल

कुल्लू ज़िला के अनछुए पर्यटक स्थलों को इको ट्रेल से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत जिला का काईस धार क्षेत्र ईको टूरिज्म के लिए धीरे–धीरे अपनी अलग पहचान बना रहा है तथा यहां पर ईको टूरिज्म को नया आयाम मिलने जा रहा है। पर्यटक अब काईस धार से चंबागढ़ तक ई–कार्ट के जरिए सफर कर सकेंगे। ईको ट्रेल से जुड़ने वाले इस ऐतिहासिक स्थल से कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीति की पहाड़ियों का 3 सौ 60 डिग्री का नजारा देखने को मिलेगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता...

कुल्लू ज़िला में महाराजा कोठी का काईस धार इलाका ईको टूरिज्म के लिए धीरे–धीरे अपनी अलग पहचान बना रहा है तथा यहां पर इको टूरिज्म को नया आयाम मिलने जा रहा है । पर्यटक अब काईसधार से चंबागढ़ तक ई–कार्ट के जरिए सफर कर सकेंगे । ईको ट्रेल से जुड़ने वाले इस ऐतिहासिक स्थल से कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीति की पहाड़ियों का 360 डिग्री का नजारा देखने को मिलेगा। काईसधार से लेकर चम्बागढ़ तक ई– कार्ट चलाई जाएगी। 8500 फुट की ऊंचाई पर स्थित चम्बागढ़ एक बेहद ही खूबसूरत स्थान है। पर्यटक यहां पर दूरबीन के माध्यम से कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीति की पहाड़ियों को निहार पाएंगे। सैलानी काईस धार घूमने के लिए ई– कार्ट में जा रहे हैं तथा ई–कार्ट पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। काईसधार के साथ चम्बागढ़ तक ई–कार्ट चलने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में यह स्थल सैलानियों के लिए एक अलग ही रोमांच से भरा होगा। साथ ही पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

जनजाति महोत्सव 2026

भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से दिल्ली में शुरू हो रहा है। इस महोत्सव में आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उद्यमिता को प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम इसका उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 30 मार्च तक चलेगा। महोत्सव में देश–भर के 78 वन–धन विकास केंद्रों के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे और 300 से अधिक जनजातीय कारीगर शामिल होंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं जबकि जनजातीय क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने आज से प्रदेश में भारी बारिश व बर्फबारी के साथ–साथ ओलावृष्टि और आंधी–तूफान की चेतावनी भी जारी की है।

हिमाचल प्रदेश में आज शाम से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसका असर 21 मार्च तक बना रहेगा। जिसे देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने तेज बारिश और बर्फबारी के साथ–साथ ओलावृष्टि और आंधी–तूफान की भी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने अधिक ऊंचे और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी व निचले और मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। इन जगहों पर बारिश और बर्फबारी की गतिविधियां बढ़ेंगी। 18 और 19 मार्च को कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 19 और 20 मार्च को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में भारी बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान कई जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की भी चेतावनी दी गई है।